इंग्लिश चैनल

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में ब्रिटिश संसद द्वारा इंग्लिश चैनल पार करने से संबंधित [ब्रिटिश संसद द्वारा एक विवादास्पद कानून](#) पारित किया गया। यह कानून ब्रिटेन में शरण चाहने वालों को रवांडा में निर्वासित करने की अनुमति देगा। विदित हो कुछ समय पूर्व इंग्लिश चैनल पार करने के प्रयास में 5 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

- UK सरकार के अनुसार, प्रवासियों और तस्करी गिरोहों पर रोक लगाने के लिये नए कानून बनाने की ज़रूरत है।

इंग्लिश चैनल:

- यह **अटलांटिक महासागर की एक शाखा** है जो **दक्षिणी इंग्लैंड को उत्तरी फ्राँस से अलग करती है।**
- यह अपने **उत्तरपूर्वी सिरे पर डोवर जलडमरूमध्य** के माध्यम से [उत्तरी सागर](#) के **दक्षिणी भाग से जुड़ा हुआ है**।
- यह लगभग **560 किमी लंबा** है और इसकी **चौड़ाई 34 किमी** से लेकर डोवर जलडमरूमध्य में **240** किमी तक है। यह दुनिया का **सबसे व्यस्त शिपिंग क्षेत्र** है।
- यह ब्रिटेन के **नौसैनिक महाशक्ति** बनने में एक **महत्त्वपूर्ण कारक** था और इसका उपयोग ब्रिटेन ने एक **प्राकृतिक रक्षा तंत्र** के रूप में किया तथा नेपोलियन युद्धों एवं [द्वितीय विश्व युद्ध](#) में एडॉल्फ हिटलर जैसे आक्रमणकारियों के आक्रमणों को रोका।
- दो प्रमुख संस्कृतियाँ हैं, **उत्तरी चैनल तट पर अंग्रेज़ी** और **दक्षिण में फ्रेंच**।
- समुद्र के अंदर **50.46-किलोमीटर लंबी एक रेलवे सुरंग** है जिसे **चैनल टनल** के नाम से जाना जाता है।
  - इसे **वर्ष 1994 में शुरू किया गया** था। यह इंग्लिश चैनल के नीचे डोवर जलडमरूमध्य में फोकस्टोन (इंग्लैंड) को कोक्वेल्स (फ्राँस) से जोड़ता है।

[//](#)

और पढ़ें: UK की उत्तरी सागर ड्रिलिंग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/english-channel